हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

18 जुलाई 2025, समय 1810

<u>मुख्य समाचार :-</u>

1. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पर्यटन विभाग द्वारा तैयार किये जा रहे महाभारत अनुभव केंद्र का निरिक्षण किया।

2. मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अनुभव केंद्र का निर्माण जल्द पूरा कर लिया जायेगा।

3. हरियाणा के कृषि एंव किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियो को किसानो के गन्ने की बिक्री के साथ ही भुगतान करने के निर्देश दिए है ।

4. अम्बाला छाबनी नागरिक अस्पताल में 100 बिस्तर के निर्माण कार्य फिर से शुरू हुआ।

5. मौसम विभाग ने कल हरियाणा के कुछ स्थानों पर बारिश होने की सम्भावना जताई।

---

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पर्यटन विभाग द्वारा तैयार किए जा रहे 'महाभारत अनुभव केंद्र' का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों की महाभारत अनुभव केंद्र को लेकर बैठक ली और केंद्र के निर्माण संबंधी जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि अनुभव केंद्र में कुछ कमी पेशियां है जिन पर कार्य चल रहा है और इसको जल्द से जल्द पूरा कर आम जनता के लिए लोकार्पण करने की तैयारी है।उन्होंने कहा कि गीता जयंती का पूरे विश्व में प्रचार प्रसार हो रहा है और जिस तरह से गीता जयंती पर भारी संख्या में देश-विदेश से लोग पहुंचते हैं इस अनुभव केंद्र के खुलने से कुरुक्षेत्र का वह इतिहास जिसके लिए यह धर्म भूमि जानी जाती है उसका दर्शन आम जनमानस कर पाएगा।

उन्होंने कहा की कोशिश है कि गीता जयंती से पूर्व इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाए ताकि आम जनमानस कुरुक्षेत्र के साक्षात इतिहास के दर्शन कर सके। प्रधानमंत्री से भी आग्रह किया जाएगा कि वे अपने करकमलों से इसका लोकार्पण करें।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सीईटी परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 26 व 27 जुलाई को परीक्षा के मद्देनजर बच्चों के आग्रह पर 9200 बसों की व्यवस्था की जाएगी और जो लड़कियां पेपर देने जाएंगी उनके साथ उनके माता-पिता में से एक व्यक्ति के जाने का भी प्रावधान किया गया है और उनसे भी  किराया नहीं लिया जाएगा।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को किसानों का गन्ना की बिक्री होते ही उन्हें भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने किसानों के बकाया भुगतान का भी शीघ्र निपटारा करने को कहा है ।

श्री राणा आज चंडीगढ़ में विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से नारायणगढ़ चीनी मिल से संबंधित गन्ना उत्पादकों के बकाया भुगतान के बारे में विस्तार से चर्चा की और इस दिशा में यथाशीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिल में गन्ना-पिराई का कार्य निरंतर चलता रहना चाहिए और किसानों के गन्ने का भुगतान भी साथ -साथ होना चाहिए

श्री राणा ने बैठक के बाद कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति संकल्पबद्ध है। सरकार का प्रयास है कि किसानों की खेती की लागत कम हो और उनकी पैदावार लगातार बढ़ती रहे। उन्होंने कहा खेत की मिटटी की सेहत अच्छी रखने के लिए प्रयोगशालाओं में जांच करने के बाद किसानों को फसल की बिजाई की सलाह दी जा रही है। अच्छी गुणवत्ता के बीज उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती की तरफ किसानों को आकर्षित करने के लिए कई प्रकार की रियायतें भी दी जा रही हैं।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी नागरिक  अस्पताल में 100 बिस्तर के नए भवन का निर्माण कार्य पुनः शुरू कर दिया गया है। यह भवन अत्याधुनिक चिकित्सीय सुविधाओं से युक्त होगा जिसे क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) की तरह बनाया जाएगा और यहां मरीजों को बेहतरीन उपचार मिलेगा।

उन्होंने बताया कि इस 100 बिस्तर के भवन के निर्माण से अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल की क्षमता 200 बिस्तर की हो जाएगी। इसके अलावा, इस नए भवन का नक्शा इस प्रकार से तैयार किया गया है, कि सामान्य मरीजों को संक्रमण का खतरा न उठाना पड़े।

पहले भवन का निर्माण कार्य, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में केस होने की वजह से रुक गया था. अब दोबारा से निर्माण कार्य के टेंडर हुएहैं। इस भवन के निर्माण पर 14 करोड़ 79 लाख रुपए की लागत आएगी

---------------------------------------------------------------------------------------------

- फरीदाबाद जिले की सबसे वरिष्ठ मतदाता मानी जाने वाली 113 वर्षीय चंदरी देवी का गुरुवार को निधन हो गया। वह बल्लभगढ़ के सेक्टर 8 क्षेत्र में अपने परिवार के साथ निवास कर रही थीं। चंदरी देवी ने हाल ही में फरीदाबाद नगर निगम चुनावों में अपने जीवन की अंतिम वोट डाला था । फरीदाबाद प्रशासन के रिकॉर्ड के अनुसार, चंदरी देवी जिले की सबसे उम्रदराज महिला मतदाता थीं। वह मतदान को नागरिक जिम्मेदारी मानते हुए हर चुनाव में सक्रिय रूप से भाग लेती थीं और दूसरों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करती थीं।

गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार सेक्टर-8 बायपास स्थित श्मशान घाट में किया गया, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, परिजन और शुभचिंतक मौजूद रहे।

---------------------------------------------------------------------------------------------

आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर हिसार स्थित लघु सचिवालय परिसर में भी प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का आयोजन सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा आपातकाल के पीड़ितों को श्रद्धांजलि व सम्मान देने हेतु किया गया। यह प्रदर्शनी हांसी तथा नारनौंद उपमंडल में भी लगाई गई है।

कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर हिसार से निर्दलीय विधायक सावित्री जिंदल भी उनके साथ रहीं।

प्रदर्शनी में ऐतिहासिक दस्तावेजों के माध्यम से आपातकाल में लोकतंत्र पर हुए प्रहार से जुड़ी घटनाओं को प्रदर्शित किया गया है। इसमें आपातकाल लागू करने के उपरांत देश में उपजे हालातों के बारे में जानकारी दी गई है। साथ ही लोकतंत्र को पुन: स्थापित करने व संविधान की मर्यादा को बचाने वाले सत्याग्रहियों के संघर्ष के बारे में बताया गया है।

---------------------------------------------------------------------------------------------

आज संविधान हत्या दिवस के उपलक्ष्य में पलवल के होडल खंड के खंड विकास कार्यालय में प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ होडल विधायक हरेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया भी मौजूद रहे।होडल विधायक हरेंद्र कुमार ने कहा कि संविधान हत्या दिवस के बारे में लोगों को अवगत कराने के लिए यह प्रदर्शनी लगाई गई है। ताकि 1975 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के दौरान अन्याय के खिलाफ लड़ने और विरोध करने वालों के बारे में लोगों को पता चल सके। उन्होंने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा भारत के संविधान को कुचला गया था। आपातकाल की ज्यादतियों के कारण लोगों ने कष्ट सहे, मीडिया की आवाज को दबाने कार्य किया गया था। आपातकाल के बारे में युवाओं को जागरूक करना जरूरी है। पूर्व जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की कथनी और करनी में बहुत अंतर है। तत्कालीन सरकार द्वारा आपातकाल की घोषणा की गई थी और लोगों पर जुल्म और अत्याचार किए गए। कांग्रेस ने देश के संविधान के साथ छेडछाड की।

---

मौसम विभाग ने कल हरियाणा और चंडीगढ़ में कुछ स्थानों पर हल्की से माध्यम वर्षा होने की संभावना जताई है।

भिवानी के मौसम वैज्ञानिक डॉ देवी लाल ने कहा है कि भिवानी क्षेत्र में अब मानसून के कमजोर होने के आसार हैं

---

मौसम विभाग ने कल हरियाणा और चंडीगढ़ में कुछ स्थानों पर हल्की से माध्यम वर्षा होने की संभावना जताई है।

भिवानी के मौसम वैज्ञानिक डॉ देवी लाल ने कहा है कि भिवानी क्षेत्र में अब मानसून के कमजोर होने के आसार हैं।